


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त


## Putin India Visit

### भारत के उत्पादों से श्रमिकों तक, पुतिन के व्यापार एजेंडे में क्या, तेल को लेकर क्या तैयारी?





रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 2022 में रूस-यूक्रेन संघर्ष शुरू होने के बाद से अब पहली बार भारत दौरे पर आ रहे हैं। 4-5 दिसंबर को उनका भारत का दौरा शुरू हो रहा है। पुतिन के इस दौरे पर पूरी दुनिया की नजर रहने वाली है। दरअसल, पुतिन के इस दौरे से भारत और रूस के कई वर्षों पुराने रिश्तों को एक नई ऊर्जा मिलना तय है। जहां रूस अब यूक्रेन से संघर्ष के बीच कूटनीतिक स्तर पर भारत का समर्थन चाहता है, वहीं भारत भी कई अहम जरूरतों को रूस के जरिए पूरा करने पर ध्यान दे रहा है। इनमें व्यापारिक जरूरतें और रक्षा समझौते सबसे अहम हैं। रूस के राष्ट्रपति भारत दौरा शुरू करेंगे तो उनकी निगाह दोनों देशों के व्यापार समझौते पर रहेगी। पुतिन के प्रेस सचिव दिमित्री पेस्कोव पहले ही कह चुके हैं कि कुछ देश भारत-रूस के बीच संबंधों में अवरोध पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं, इसके बावजूद भारत-रूस अपना द्विपक्षीय व्यापार अगले पांच साल में 100 अरब डॉलर तक ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। पुतिन ने खुद भारत दौरे से पहले वीटीबी निवेश फोरम को संबोधित करते हुए कहा था कि पीएम मोदी के साथ उनकी बातचीत भारत से आयात बढ़ाने पर केंद्रित होगी। यानी रूस अब भारत की चीजों का भी बराबर का खरीदार बनने की कोशिश करेगा। इसी के तहत पुतिन नई दिल्ली में भारत-रूस बिजनेस फोरम में भी हिस्सा लेंगे, जहां व्यापार और निवेश बढ़ाने पर चर्चा होगी। रूस भारत के मानव संसाधन को भी अपने देश में बुलाने की कोशिश कर रहा है।




## 'मुर्शिदाबाद में बाबरी जैसी मस्जिद की नहीं दी जाएगी इजाजत'

### राज्यपाल बोस का बड़ा बयान; जारी की चेतावनी




पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बागी विधायक हुमायूं कबीर की ओर से मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद की तर्ज पर मस्जिद का उद्घाटन करने को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। दरअसल, हुमायूं ने धमकी भरे लहजे में कहा है कि अगर राज्य प्रशासन उन्हें रोकने का प्रयास करेगा तो उसका व्यापक विरोध होगा। इतना ही नहीं उन्होंने हाईवे जाम करने और आग से न खेलने तक की धमकी तक दे डाली। हालांकि, इस पर बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने नाराजगी जताई है। राज्यपाल ने साफ कर दिया है कि ऐसे किसी भी आयोजन की इजाजत नहीं दी जाएगी। राज्यपाल ने बंगाल में बाबरी मस्जिद जैसे ढांचों की बात करने वालों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सांप्रदायिक भावनाएं भड़काई गईं तो संविधान और राज्य सिर्फ दर्शक बनकर नहीं रहेंगे। कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।" बंगाल के लिए हिंसा और भ्रष्टाचार दो कैंसर हैं। इनको जड़ से खत्म करना होगा।

## पहाड़ों पर बर्फबारी के चलते कल से बढ़ेगी ठंड

### सर्द हवाओं के साथ पारा 5 डिग्री पहुंचने के आसार



आने वाले दिनों में पारा 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। पहाड़ों पर बर्फबारी से राजधानी में ठंडी हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार 5 दिसंबर को आसमान अधिकतर साफ रहेगा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान 22 और 6 डिग्री सेल्सियस के पास रहने की संभावना है। बुधवार को सुबह से ही मौसम में ठंडक थी। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, वैसे-वैसे दिन में सूरज की गर्मी का हल्का अहसास हुआ। अधिकतम तापमान 23.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.6 डिग्री कम रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो मौसम के औसत से 3.1 डिग्री अधिक रहा। नतम पारा 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा, रिज में 7.2, पालम में 8.1 और आया नगर में 7.3 न्यूनतम पारा दर्ज किया गया।

## लेडी साइको किलर की कहानी: तीन भतीजियों को मारा.

### बेटे का भी इसलिए किया कत्ल, डुबोकर मारने का था ये कारण




**पानीपत पुलिस** ने बुधवार को एक साइको किलर को गिरफ्तार किया है जो कथित तौर पर पानी में डुबोकर बच्चों को मार देती थी। आरोप है कि उसने बीते एक दिसंबर को अपने जेठ की छह साल की बच्ची को टब में डुबोकर मार डाला। उस पर दो साल 11 माह में चार बच्चों की हत्या का आरोप है जिनमें एक उसका अपना बेटा भी है, बाकी तीन उसकी भतीजियां हैं। उसे सुंदर दिखने वाली बच्चियों से बेइंतहा नफरत थी। इसी नफरत में उसने हत्याएं कीं। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार महिला गोहाना के भावड़ गांव के किसान नवीन की पत्नी की पूनम है। उसकी उम्र 32 साल है।

## तेजस्वी यादव विधानसभा आएंगे? उपाध्यक्ष का एलान आज, विपक्ष अब तक शांत



बुधवार को नेता प्रतिपक्ष विधान मंडल नहीं पहुंचे, जिसको लेकर जदयू के मुख्य प्रवक्ता ने उनपर तंज कसा था। उन्होंने कहा था कि जिनके परिवार की सुरक्षा के लिए 160 पुलिसकर्मी तैनात रहते हैं, वे स्वयं सदन में दिखाई नहीं दे रहे। आखिर कहां गायब हो गए तेजस्वी यादव ? इस खबर के प्रकाशित होने के बाद देर शाम राजद ने भी पलटवार करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी। जवाब में बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि जिस तरह की राजनीति जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार जी आप करते हैं, ऐसा लगता है कि आपके राजनीति का एकमात्र आधार और सोच तेजस्वी प्रसाद यादव ही हैं। आप वास्कोडिगामा की तरह तेजस्वी यादव की खोज में मत लगिए, बिहार की जनता के हित में उनको बुलडोजर नीति से बचाइए। हालांकि आज भी नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के सदन में आने का इंतजार जरुर किया जायेगा।

## India-Russia: राजनाथ और रूसी रक्षा मंत्री की मुलाकात आज,

### S-400 के साथ गेमचेंजर सौदे S-500 पर भी चर्चा संभव



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ आने वाले प्रतिनिधिमंडल में रक्षा मंत्री आंद्रे बेलौसोव भी भारत आए हैं। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और बेलौसोव के बीच शाम 5 बजे साउथ ब्लॉक में एक अहम मुलाकात होगी। राजनाथ और बेलौसोव की इस मुलाकात में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग पर उच्च-स्तरीय चर्ता होगी। इसमें वायु रक्षा, सैन्य तकनीकी सहयोग और भविष्य की संयुक्त परियोजनाओं पर विस्तार से विमर्श किया जाएगा। भारत एस-400 एयर डिफेंस प्रणाली की और खेप खरीदने का इच्छुक है। सूत्रों ने बताया कि इस दौरान एस-500 पर भी बातचीत हो सकती है। यदि एस-500 पर बात होती है तो यह सौदा दक्षिण एशिया की भू-राजनीतिक तस्वीर बदल सकता है। इससे भारत को चीन और पाकिस्तान पर निर्णायक रणनीतिक बढ़त हासिल हो जाएगी। राजनाथ से मुलाकात से पहले बेलौसोव को सेना के तीनों अंगों की साझा टुकड़ी सलामी देगी। बेलौसोव एक अर्थशास्त्री हैं। पश्चिमी देशों के तमाम प्रतिबंधों और यूक्रेन से चलते लंबे युद्ध के बावजूद रूस की अर्थव्यवस्था पटरी पर बनाए रखने का श्रेय बेलौसोव को दिया जाता है। बैठक का सबसे अहम पहलू एस-400 एयर डिफेंस प्रणाली होगा। भारत ने 2018 में रूस से पांच एस-400 रेजिमेंट का सौदा किया था। इनमें से तीन रेजिमेंट भारत के पास हैं। शेष दो 2026 तक मिलने की संभावना है। दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच एस-400 के उन्नत संस्करण एस-500 की खरीद पर भी चर्चा होने की संभावना है। रूस एस-400 का संचालन करने वाले रणनीतिक साझेदार देशों के साथ एस-500 पर भी वार्ता कर सकता है। यह संकेत भारत की ओर था।

# Aaj Ka Rashifal 04 December

## तुला, वृश्चिक और कुंभ राशि वालों के पूरे होंगे अधूरे काम

04 December Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 04 दिसंबर 2025 का राशिफल।आज गुरुवार, 4 दिसंबर है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर रोहिणी नक्षत्र और वृषभ राशि में होगा।



### मेष

आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में बढ़िया रहने वाला है। आपकी मेहनत रंग लाएगी। तरक्की के मार्ग खुलेंगे। विद्यार्थियों की नया कोर्स करने की इच्छा जागृत होगी। आपकी किसी बात से आज परिवार में सदस्य नाराज हो सकते हैं। आप अपने बिजनेस को लेकर पार्टनरशिप कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छे रहेगी, तो उसके लिए आपको अपने पिताजी से बातचीत करके जाना बेहतर रहेगा। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा और आप जीवनसाथी के लिए कोई गिफ्ट लेकर आ सकते हैं।

### वृषभ

आज आपको कोई निर्णय थोड़ा सोच समझकर लेना होगा। कामकाज के सिलसिले में आप कभी बाहर जा सकते हैं। बिजनेस में यदि कुछ उतार-चढ़ाव लगे हुए थे, तो आपको उनसे घबराने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि फिर भी आप अच्छा धन कमाने में कामयाब रहेंगे। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप अपने भविष्य को लेकर कोई प्लानिंग करेंगे। भाई- बहनों से आपकी खूब पटेगी और आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपकी कामों में काफी रुचि रहेगी और प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के प्रति समर्पित नजर आएंगे। आपके पास काम अधिक रहने से आपको थकान का अनुभव होगा। आप परिवार में सदस्यों से पारिवारिक बिजनेस को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आज आपकी किसी बात को लकर कहासुनी होने की संभावना है। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए किसी वाद-विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा। आप किसी से उधार का लेनदेन ना करें। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपके रहन-सहन के स्तर में सुधार आएगा। आपने यदि किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी की थी, तो वह आपके लिए अच्छे रहेगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको किसी काम को पूरा करने में यदि समस्या आ रही थी, तो उसके लिए आप अपने भाइयों से सलाह ले सकते हैं।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आपके जीवनसाथी पर आशीर्वाद भी भरपूर रहेगा। आपको किसी से मांग कर वाहन चलाने से बचना होगा, लेकिन दोस्तों के साथ आप कुछ समय व्यतीत करेंगे। आपको अपने काम को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड नहीं रहना है। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा। आपका कोई लेनदेन से संबंधित मामला आपको समस्या दे सकता है। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए अधूरे कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपकी मेहनत भी भरपूर रहेगी। आपको काम को लेकर कहीं यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। पार्टनरशिप में आप कोई काम थोड़ा सोच समझकर करें और छोटी-छोटी बातों को लेकर लड़ाई-झगड़े में ना पड़ें। आपके बॉस को आपके दिए गए सुझाव पसंद आएंगे। आपके प्रमोशन की बात भी कर सकते हैं। आप शेयर मार्केट में भी इन्वेस्टमेंट करने की प्लानिंग करेंगे।

### तुला

आज का दिन आपके लिए किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए रहेगा। आपके मन में नई-नई चीजों को लेकर आकर्षण रहेगा। सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर आप अच्छा नाम कमाएंगे। आपकी भगवान की भक्ति में काफी रुचि रहेगी। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है, लेकिन सेहत आपकी कमजोर रहेगी। आपको अपने पिताजी की बातों को इग्नोर करने से बचना होगा, नहीं तो वह नाराज हो सकते हैं।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी सेहत में लापरवाही आपकी समस्याओं को बढ़ाएगी। यदि आपको कामों में कुछ अड़चनें आ रही थी, तो वह भी समस्या दे सकती हैं। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह वापस मिल सकते हैं। आज आप अपने कामों को लेकर किसी अजनबी से सलाह मशवरा न करें। परिवार में किसी मेहमान का आगमन हो सकता है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

### धनु

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको काम को लेकर यात्राएं लगी रहेंगी। किसी धार्मिक आयोजन में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपको अपने किसी मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होंगी। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी और जीवनसाथी से आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी होने की संभावना है। विद्यार्थियों पढ़ाई-लिखाई को लेकर कुछ लापरवाही कर सकते हैं।

### मकर

आज का दिन आपके लिए सावधानी से काम करने के लिए रहेगा। आपको धैर्य और संयम बनाए रखने की आवश्यकता है। आप अपनी जरूरत के खर्चों पर पूरा ध्यान देंगे। आप मौज-मस्ती के मूड में लगे रहेंगे। आप परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय व्यतीत करेंगे, जिससे आपसी लड़ाई झगड़े भी दूर होंगे। परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर टेंशन बनी रहेगी। आप अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलें।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने की शुरुआत कर सकते हैं। किसी विपरीत परिस्थिति में आपको थोड़ा ध्यान रखना होगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपकी धन को लेकर खटपट हो सकती है। सिंगल लोगों के जीवन में उनके साथी की मुलाकात होगी।

### मीन

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आर्थिक स्थिति को लेकर आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठाएंगे, जिसमें आपको सफलता मिलेगी। आपको अपने सहयोगियों की भावनाओं का सम्मान करना होगा, इसलिए किसी से कोई ऐसी बात ना बोले, जो कि उन्हें बुरे लगे और आप समय का सदुपयोग करें, क्योंकि लापरवाही के कारण आपकी समस्याएं बढ़ेगी। आपको किसी नए काम में थोड़ा सोच समझकर हाथ बढ़ाना होगा। आपको किसी पुरानी गलती को लेकर पछतावा होगा।

आज गुरुवार, 4 दिसंबर है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर रोहिणी नक्षत्र और वृषभ राशि में होगा। आज के दिन चंद्रमा के साथ शुक्र का दृष्टि संबंध रहेगा, जिससे चंद्रमा और शुक्र के बीच समसप्तक योग और कलानिधि योग का संयोग बनेगा। ऐसे में आज के दिन कुछ राशि वालों को जबरदस्त लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। आइए जानते हैं आज का राशिफल। राशिफल को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है,

# यूपी में बड़ा हादसा:

## हाईवे किनारे खड़ी डीसीएम में घुसी कार, चार डॉक्टरों की मौत; स्विफ्ट के उड़ गए परखच्चे



यूपी के अमरोहा जिले में बड़ा हादसा हुआ है। हाईवे किनारे खड़े वाहन में एक कार घुस गई। हादसे में चार डॉक्टरों की मौत हो गई। चारों एमबीबीएस कंप्लीट कर इंटर्नशिप कर रहे थे। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है। अमरोहा में नेशनल हाईवे पर बुधवार की देर रात भीषण हादसा हो गया। हाईवे किनारे खड़ी डीसीएम में पीछे से तेज रफ्तार कार घुस गई। कार सवार श्री वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी के चार छात्रों की मौत हो गई। जान गंवाने वालों में एक दिल्ली तो दूसरा त्रिपुरा का छात्र भी शामिल हैं। सभी छात्र एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं।यह हादसा रजबपुर थाना क्षेत्र में अतरासी को जाने वाली सर्विस रोड के पास हुआ। रात करीब 9 बजे फोम के गद्दों से भरी डीसीएम हाईवे किनारे खड़ी थी। तभी गजरौला की तरफ से दिल्ली नंबर की स्विफ्ट डिजायर कार हाईवे किनारे खड़ी इस डीसीएम में घुस गई। हादसा इतना भीषण हुआ कि कार के परखच्चे उड़ गए। तेज धमाका होने के बाद हादसा स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हाईवे पर जाम के हालात बन गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और डीसीएम में फंसी कार को ट्रैक्टर से खींच कर निकला गया।

# यूपी में SIR ने ली एक और जान!

## काम के दबाव से थे पापा...', बेटियों का बड़ा दावा; यहां मिली शिक्षामित्र की लाश



यूपी के महोबा में एसआईआर के काम में लगे शिक्षामित्र का शव कुएं में उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बेटियों ने एसआईआर के काम का दबाव होने का आरोप लगाया है।महोबा के थाना श्रीनगर के पवा गांव में चल रहे एसआईआर कार्य में बीएलओ की सहायता के लिए लगाए गए शिक्षामित्र का शव बुधवार की दोपहर गांव के बाहर कुएं में उतराता मिला। वह दो दिन से घर से गायब थे। उनकी बेटियों का आरोप है कि एसआईआर कार्य के दबाव से पिता परेशान रहते थे, इसी के चलते उन्होंने आत्महत्या की। सूचना मिलते ही एसडीएम और थाना पुलिस ने घटनास्थल पहुंच जांच की।ब्लॉक कबरई की ग्राम पंचायत पवा निवासी शंकरलाल राजपूत (50) गांव के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र थे। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण सर्वे में उन्हें बीएलओ बृजेंद्र राजपूत की सहायता में लगाया गया था।एक दिसंबर को वह घर से लापता हो गए। परिजनों ने गांव व रिश्तेदारियों में खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने गुमशुदगी की सूचना पुलिस को नहीं दी। बुधवार की दोपहर जब ग्रामीण खेतों की ओर गए तो गांव के बाहर स्थित कुएं के पास चप्पल मिलने पर उन्हें आशंका हुई। कुएं में देखने पर शंकरलाल का शव उतराता मिला। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही एसडीएम शिवध्यान पांडेय, नायब तहसीलदार विकास गोयल और थाना श्रीनगर पुलिस मौके पर पहुंची।

## 'भारी महसूस हो रहा है...', 'बॉर्डर 2' की शूटिंग खत्म होने पर इमोशनल हुए अहान शेट्टी; सेलेब्स ने दिया रिएक्शन



'बॉर्डर 2' आने वाली बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। हर एक दर्शक इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। हाल ही में इस फिल्म से पहले वरुण धवन और फिर दिलजीत दोसांझ का लुक सामने आया था। फिल्म की शूटिंग लगातार जारी है, लेकिन इस फिल्म के कुछ एक्टर्स ने 'बॉर्डर 2' की शूटिंग खत्म कर ली है, जिनमें अब अहान शेट्टी का नाम भी शामिल हो गया है।अहान ने खत्म की 'बॉर्डर 2' की शूटिंगअभिनेता अहान शेट्टी ने अपनेइंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म 'बॉर्डर 2' की शूटिंग के सेट से कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ अहान ने एक इमोशनल नोट भी लिखा, ''बॉर्डर 2' की शूटिंग खत्म हो गई। आज सेट से निकलते वक्त दिल बहुत भारी है। इस फिल्म ने मुझे बहुत चुनौती दी और ऐसे यादगार पल दिए जो मैं कभी नहीं भूलूंगा। मैं अपनी फौज, शानदार कलाकारों और पूरी टीम का दिल से शुक्रिया अदा करता हूं- ये टीम अब मेरा परिवार बन गई है।' 'बॉर्डर 2' को लेकर अहान की राय

अहान शेट्टी ने आगे लिखा, 'ये फिल्म सिर्फ एक फिल्म नहीं है। इसमें असली बहादुरी, सच्ची देशभक्ति और सच्ची कहानियां हैं। । जय हिंद।'


## प्रियंका चोपड़ा ने निक को किया किस,

'बॉर्डर 2' की शूटिंग खत्म होने पर इमोशनल हुए अहान शेट्टी; सेलेब्स ने दिया रिएक्शन



प्रियंका और निक का लुकप्रियंका बेहद खूबसूरत सफेद गाउन में नजर आईं, बालों का स्लीक बन बनाया था और ज्वेलरी बहुत कम पहनी थी। निक ग्रे सूट और मैचिंग शर्ट में स्टाइलिश लग रहे थे। प्रियंका की मां मधु चोपड़ा भी इस खुशी के मौके पर परिवार के साथ मौजूद दिखीं। निक ने प्रियंका का किया शुक्रिया इस दौरान मंच पर निक जोनस ने अपनी पत्नी प्रियंका चोपड़ा जोनस को थैंक्स कहा। निक ने प्रियंका के लिए इमोशनल स्पीच देते हुए

## विजय देवरकोंडा से शादी की चर्चाओं पर रश्मिका मंदाना ने दी प्रतिक्रिया, जवाब सुन फैंस हुए उत्साहित



पिछले कुछ वक्त से रश्मिका मंदाना काम से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में बनी हैं। ये चर्चाएं रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी को लेकर हो रही हैं। लगातार ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि रश्मिका और विजय अगले साल यानी 2026 कीशुरुआत में शादी के बंध में बंध जाएंगे। बाल कलाकार के रूप में उनकी सबसे प्रसिद्ध भूमिकाएं आग (1948) और आवारा

## अमिताभ से भी ज्यादा फीस वसूलते थे शशि कपूर,

### एक समय काम मिलना हो गया था बंद; पढ़ें अभिनेता से जुड़े रोचक किस्से




शशि कपूर अपने जमाने में बॉलीवुड के सुपरस्टा थे। अपनी अदाकारी से वह फिल्मों में जान डाल देते थे। उन्होंने देश-विदेश में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया था और इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई। जब शशि कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कहा, तब हिंदी सिनेमा को बहुत बड़ा झटका लगा था। आज भी उनकी फिल्में और डायलॉग लोगों के दिलों में जिंदा हैं।कपूर का करियर शशि कपूर अपने करियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी। उन्होंने अपने पिता पृथ्वीराज कपूर द्वारा निर्देशित और निर्मित नाटकों में अभिनय किया और बाद में 1940 के दशक के अंत में शशिराज के नाम से बाल कलाकार के रूप में शुरुआत की बाल कलाकार के रूप में उनकी सबसे प्रसिद्ध भूमिकाएं आग (1948) और आवारा (1951) में थीं, जहां उन्होंने अपने बड़े भाई राज कपूर द्वारा निभाए गए किरदारों की युवा भूमिकाएं निभाई थी। शशि कपूर की उपलब्धियां 2011 में शशि कपूर को कला-सिनेमा में उनके योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। 2015 में उन्हें 2014 दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिससे वे पृथ्वीराज कपूर और राज कपूर के बाद भारतीय सिनेमा में सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त करने वाले अपने परिवार के तीसरे सदस्य बन गए।शशि को जब काम मिलना बंद हो गयासिनेमा को इतनी हिट फिल्में देने के बाद एक वक्त ऐसा आया, जब शशि कपूर के करियर को भी ग्रहण लग गया। एक समय उन्हें काम मिलना बंद हो गया था। फिल्मों में काम न मिलने की वजह से वह पूरी तरह से निराश हो गए था, लेकिन उन्हें अपना घर तो चलाना ही था और इसके लिए पैसों की जरूरत थी। ऐसे में शशि कपूर को अपनी पसंदीदा स्पोर्ट्स कार बेचनी पड़ गई थी। इसके अलावा उनकी पत्नी जेनिफर को भी पैसों की तंगी के चलते अपना सामान बेचना पड़ा था। इस बात का जिक्र शशि कपूर के बेटे कुणाल ने अपने एक इंटरव्यू में किया था। इतनी मुश्किलें देखने के बाद 70 के दशक में शशि कपूर का समय फिर आया और तब वह एक ऐसा सितारा बनकर चमके जिसकी चमक के आगे बाकी सितारे भी फीके लगने लगे थे। आज भी शशि कपूर की फिल्मों के कई दीवाने हैं। एक ओर जहां शशि कपूर ने कई सुपरहिट फिल्में दी थीं,वहीं उनकी कुछ विवादित फिल्में भी रहीं।

## एक्टिंग के खिलाफ था जिम्मी शेरगिल का परिवार, बाल कटवाने पर पिता ने बंद की बात; छोटे किरदारों से मिली पहचान




जिम्मी शेरगिल आज अपना 55वां जन्मदिन मना रहे हैं। वह बॉलीवुड के ऐसे कलाकार हैं जिन्होंने फिल्मों में चुनिंदा किरदार किए हैं। परिवार के खिलाफ जाकर उन्होंने एक्टिंग में कदम रखा। शुरुआत में उन्हें फिल्मों में छोटे लेकिन दमदार किरदार मिले। इन किरदारों की तारीफ हुई और इनसे उन्हें पहचान मिली। बॉलीवुड के साथ उन्होंने पंजाबी फिल्मों में खूब नाम कमाया है।आज उनके जन्मदिन के मौके पर आइए जानते हैं उनसे जुड़ी कुछ खास बातें। पिता ने वर्षों तक बात नहीं की

3 दिसंबर साल 1970 को जन्मे जिम्मी शेरगिल सिख परिवार से आते हैं। इसलिए वह बचपन से पगड़ी पहनते थे। कॉलेज के दिनों में वह हॉस्टल में रहते थे। ऐसे में उन्हें हर रोज पगड़ी पहनना और उसे धोने में काफी दिक्कत आती थी। इसलिए उन्होंने अपनी पगड़ी हटा दी थी और बाल भी कटवा दिए थे। उनके इस फैसले से पिता नाराज हो गए थे। बताया जाता है कि जिम्मी शेरगिल के पिता ने उनसे तकरीबन डेढ़ साल तक बात नहीं की थी।परिवार एक्टर बनने के खिलाफ था

जिम्मी शेरगिल आज बॉलीवुड के मशहूर एक्टर हैं। हालांकि एक वक्त ऐसा था जब उनका परिवार उनके एक्टर बनने के खिलाफ था। दरअसल जिम्मी सिख परिवार से आते हैं। उनका परिवार चाहता था कि वह अपने रीति रिवाजों को न भूलें। जिम्मी शेरगिल जब 20 साल के थे तब वह अपने कजिन के यहां दिल्ली शिफ्ट हो गए थे। उनके कजिन ने ही उन्हें फिल्मों में हाथ आजमाने की सलाह दी।

## सीक्रेट वेडिंग के बाद राज निदिमोरु ने सामंथा रुथ को दिया खास तोहफा? ननद शीतल ने लिखा इमोशनल पोस्ट

सामंथा रुथ प्रभु और डायरेक्टर-प्रोड्यूसर राज निदिमोरु के अफेयर की चर्चा काफी वक्त से इंडस्ट्री में चल रही थीं। डेटिंग की खबरों पर दोनों ने चुप्पी साध रखी थी। मगर, बीते सोमवार 01 दिसंबर को दोनों ने शादी रचाकर फैंस को सरप्राइज दिया। एक निजी समारोह में दोनों ने शादी रचाई। शादी के बाद राज ने सामंथा को स्पेशल गिफ्ट दिया है। सामंथा रुथ प्रभु और राज ने कोयंबटूर के ईशा योग सेंटर में लिंग भैरवी मंदिर में शादी रचाई। दोनों ने पूरे रीति-रिवाज से एक-दूसरे का हाथ थामा। शादी बहुत ही निजी समारोह में सिर्फ करीबी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में संपन्न हुई। शादी के बाद सामंथा की अंगूठी की खूब चर्चा हो रही है, जिसकी कीमत करीब 1.5 करोड़



रुपये बताई जा रही है। मगर, इतना नही सामंथा के हमसफर राज ने उन्हें एक और स्पेशल गिफ्ट दिया है। शादी के बाद राज ने सामंथा को आलीशान घर गिफ्ट किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक राज निदिमोरु ने सामंथा को हैदराबाद के जुबली हिल्स में एक खूबसूरत घर देकर सरप्राइज दिया है। एशियानेट न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, राज ने सामंथा को वेडिंग गिफ्ट में घर की चाभी दी है। यह घर उनके लिए शादी की एक खूबसूरत याद बन गई है।



## The Bonus Market Update: हरे निशान पर खुला शेयर बाजार; सेंसेक्स 300 अंक चढ़ा, निफ्टी 26200 के पार पहुंचा



भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 9:40 तक 375.65 अंक या 0.44 प्रतिशत चढ़कर 86,082.32 पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 106.70 अंक या 0.41 प्रतिशत चढ़कर 26,309.65 अंक पर आ गया।

## ED: केरल में सीएम के साथ उनके मंत्रियों पर ईडी का एक्शन KIIFB मसाला बॉन्ड मामले में ₹466 करोड़ का नोटिस जारी



एजेंसी की जांच 2019 में केआईआईएफबी द्वारा जारी किए गए मसाला बॉन्ड में जुटाई गई करीब 2,000 करोड़ रुपये की राशि के एंड-यूज और फेमा मानकों के अनुपालन पर केंद्रित रही।

केआईआईएफबी राज्य सरकार की प्रमुख फंडिंग एजेंसी है, जो बड़े और महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को वित्त सहायता प्रदान करती है। फंडिंग एजेंसी ने 2019 में राज्य में 50,000 करोड़ रुपये के व्यापक बुनियादी ढांचा विकास कार्यक्रम के लिए पूंजी जुटाने की बड़ी योजना के तहत अपने पहले मसाला बॉन्ड के जरिए 2,150 करोड़ रुपये जुटाए थे।

ईडी ने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, राज्य के पूर्व वित्त मंत्री थॉमस इसाक और मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव केएम अब्राहम को 466 करोड़ रुपये का कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई केआईआईएफबी (केरल इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट फंड बोर्ड) के मसाला बॉन्ड इश्यू से जुड़े मामले में की गई है।

**फेमा के प्रावधानों के तहत जारी किया गया नोटिस**

अधिकारियों के मुताबिक, यह नोटिस 10 से 12 दिन पहले विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA) के प्रावधानों के तहत जारी किया गया था। नोटिस में व्यक्तिगत उपस्थिति की जरूरत नहीं है, लेकिन संबंधित पक्षों से उत्तर और दस्तावेज मांगे गए हैं।

फेमा से जुड़े मामलों में कारण बताओं नोटिस जांच पूरी होने के बाद ही जारी किया जाता है। यानी एजेंसी पहले पूरे लेन-देन, दस्तावेजों और कथित नियम उल्लंघन की जांच करती है और उसके निष्कर्षों के आधार पर नोटिस भेजती है।

**एजेंसी ने अपनी जांच में क्या पाया?**






## UPI: यूपीआई से नवंबर में 24.58 लाख करोड़ रुपये के 19 अरब से अधिक हुए लेनदेन, 23 प्रतिशत बढ़ोतरी



यूपीआई से लेनदेन की रफ्तार जारी है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के मुताबिक, 28 नवंबर तक यूपीआई से 24.58 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 19 अरब से अधिक लेनदेन हुए। पिछले वर्ष की इसी अवधि में 21.55 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 15.48 अरब लेनदेन दर्ज किए गए थे। आंकड़ों के मुताबिक, इस साल नवंबर में यूपीआई लेनदेन की संख्या 2024 के समान माह की तुलना में लगभग 23 प्रतिशत बढ़ी। इस दौरान लेनदेन मूल्य में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई। नवंबर 2023 की तुलना में यह वृद्धि 70 प्रतिशत और 41 प्रतिशत से भी अधिक रही। एनपीसीआई के आंकड़े पिछले पांच वर्षों में लगातार वृद्धि दर्शाते हैं। नवंबर 2021 में, यूपीआई से 7.68 लाख करोड़ के केवल 4.18 अरब लेनदेन हुए। नवंबर, 2022 तक यह संख्या लगभग दोगुनी हो गई। पांच वर्षों का रुझान इस परिवर्तन की स्पष्ट तस्वीर प्रस्तुत करता है। 2021 से 2025 तक यूपीआई के लेनदेन की संख्या चार गुना से अधिक बढ़ गई है। कुल मूल्य तीन गुना से अधिक बढ़ गया है। यह उल्लेखनीय वृद्धि डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ के रूप में इस प्लेटफॉर्म की भूमिका को रेखांकित करती है। 2025-26 में अब तक यूपीआई ने 12.41 अरब लेनदेन पूरे किए हैं। इनका औसत दैनिक मूल्य 91,324.77 करोड़ रुपये है। 2024-25 में इसी अवधि के दौरान औसत दैनिक मूल्य 71,839.58 करोड़ रुपये रहा।

# Gold Silver Price

## सोना 640 रुपये गिरकर 1,29,460 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी की कीमतों में क्या बदलाव जानें



वैश्विक बाजार में कमजोर रुख और स्टॉकिस्टों और खुदरा विक्रेताओं की कमजोर खरीदारी के कारण दिल्ली में गुरुवार को सोने की कीमतों में गिरावट दिखी। हालांकि चांदी के भाव 5100 रुपये तक चढ़ गए। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार गुरुवार को सोने की कीमत 640 रुपये की गिरावट के साथ 1,29,460 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 640 रुपये घटकर 1,28,860 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, "गुरुवार को सीमित दायरे में कारोबार के दौरान सोने में गिरावट दर्ज की गई। संभावित रूस-यूक्रेन शांति समझौते की दिशा में प्रगति से भू-राजनीतिक तनाव कम होने से भू-राजनीतिक जोखिम कम हुआ, इससे सोने में मुनाफावसूली को बढ़ावा मिला।" हालांकि, एसोसिएशन के अनुसार चांदी की कीमत 5,100 रुपये बढ़कर 1,68,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जो लगातार तीसरे सत्र में इसकी बढ़त को दर्शाता है। पिछले तीन सत्रों में यह सफेद धातु 13,200 रुपये तक बढ़ चुकी है, जबकि सोमवार को यह 1,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर थी। वहीं, वैश्विक स्तर पर सोना हाजिर 5.60 डॉलर या 0.13 प्रतिशत गिरकर 4,158.38 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। गांधी के अनुसार बाजार के सहभागी भाव पर अब आगे के दिशा-निर्देश प्रदान करने के लिए नए संकेतों का इंतजार कर रहे हैं। अमेरिका में त्योहारी मौसम के कारण भी कीमतों में सुस्ती है। गुरवार को थैंक्सगिविंग की छुट्टी के कारण अमेरिकी बाजार बंद रहने के कारण कारोबार की मात्रा धीमी रहने की उम्मीद है। विदेशी कारोबार में हाजिर चांदी मामूली बढ़त के साथ 53.39 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। चांदी में नई मजबूती दिख रही है और तेजी का रुख लौट रहा है, इसे चीन से आपूर्ति संबंधी नई चिंताओं का समर्थन मिल रहा है।

## New Rules December: एलपीजी गैस कीमतों से लेकर आधार अपडेट के नियमों तक, 1 दिसंबर से लागू हुए ये बड़े बदलाव

**Rules Changed From 1st December:** हर महीने की पहली तारीख नीतियों, दरों और कई प्रक्रियाओं में बदलाव लेकर आती है। आज 1 दिसंबर से कई अहम बदलाव लागू हुए हैं, जिनके बारे में पता होना जरूरी है नहीं तो आपको कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। आज से कुछ बदलाव लागू हुए हैं, जो सीधे तौर पर आम उपभोक्ताओं, कर्मचारियों आदि लोगों को प्रभावित करने का काम करेंगे। **एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत** हर महीने की पहली तारीख को तेल कंपनियां





एलपीजी गेस की कीमतों में बदलाव करती हैं। 1 दिसंबर से नए बदलाव लागू हो चुके हैं। 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 10 रुपये की कटौती की गई है। नई कीमतें आज से लागू हो चुकी हैं। वहीं घरेलु एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। **आधार से जुड़े नियम** 1 दिसंबर से आधार से जुड़ा एक नया नियम भी लागू हो चुका है। इसके तहत आप आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि और मोबाइल नंबर जैसी जानकारी को ऑनलाइन भी भरा जा सकेगा। इसमें डाटा का सत्यापन पैन कार्ड, पासपोर्ट या किसी दूसरे जरूरी सरकारी रिकॉर्ड से किया जा सकेगा। हाल ही में आधार का नया भी लॉन्च किया गया था।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612















# Virat Kohli: 53 शतक और 34 वेन्यू

## भारत नहीं; कोहली ने श्रीलंका-बांग्लादेश के इन शहरों में लगाए सर्वाधिक सैकड़ा



भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली भले ही अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर चल रहे हैं, लेकिन उन्होंने साबित किया है कि रन बनाने की भूख अब भी उनमें बाकी है। कोहली वनडे में 53 शतक लगा चुके हैं। आइए जानते हैं कि कोहली ने दुनिया के किन वेन्यू पर कितने शतक लगाए हैं। भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। कोहली फिलहाल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले दो मैचों में शतक लगा चुके हैं। 2027 वनडे विश्व कप में खेलने के लिए प्रयासरत कोहली ने लगातार दो शतक लगाकर साबित कर दिया है उनके अंदर रन बनाने की भूख अभी भी बाकी है।




कोहली ने 11वीं बार वनडे में लगातार दो शतक लगाए हैं और वह इस मामले में सभी से काफी आगे हैं। भारत ही क्या अन्य कोई भी देश का बल्लेबाज इस मामले में उनके करीब भी नहीं है। दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स हैं जिन्होंने वनडे में छह बार लगातार दो शतक लगाए हैं। कोहली का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह वनडे में लगातार तीसरा शतक है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने वनडे विश्व कप 2023 में नाबाद 101 रन बनाए थे।

### दूसरा क्वार्टर

रायपुर में दिखा कोहली का पुराना अंदाज

कोहली अपने पुराने रंग में नजर आ रहे हैं। कोहली ने इससे पहले रांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतकीय पारी खेली थी और फिर रायपुर में भी उन्होंने इस फॉर्म में जारी रखते हुए शतक लगाया। कोहली का यह वनडे में 53वां और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 84वां शतक है। कोहली वनडे में शतक लगाने के मामले में सभी से काफी आगे निकल गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है जिन्होंने 100 शतक लगाए हैं। कोहली दूसरे मैच में 93 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 102 रन बनाकर आउट हुए।



# भारत-द.अफ्रीका टी-20 मैच की टिकट दरें जारी

टेस्ट सीरीज में 0-2 की हार और पहले वनडे में टीम इंडिया को मिली नजदीकी जीत के बाद द. अफ्रीका के खिलाफ चल रही घरेलू सीरीज बेहद रोमांचक मोड़ पर पहुंच गई है। ऐसे में इन दो दिग्गज टीमों के बीच होने वाले पांच टी-20 मुकाबलों का रोमांच प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोलेगा। सीरीज के तहत लखनऊ में 17 दिसंबर होने वाले चौथे टी-20 मुकाबले को लेकर प्रशंसकों के बीच क्रेज का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सोमवार शाम 4.30 बजे ऑनलाइन टिकट दरें जारी करने के दो घंटे के भीतर ही 11 लाख रुपये की टिकटें बिक गई हैं। इकाना स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में टी-20 मुकाबले के लिए टिकट दरें जारी की गई। इसका अधिकतम टिकट 999 रुपये से शुरू होकर 25 हजार रुपये तक रखा गया है। जारी दरों के तहत जनरल स्टैंड के टिकट



999 से शुरू होकर तीन हजार रुपये तक होंगे, जबकि सेमी-हॉस्पिटेलिटी की दर चार हजार और पांच हजार होंगी। हॉस्पिटेलिटी टिकट की कीमत 10 हजार, 12 हजार, 14 हजार, 15 हजार, 20 हजार और 25 हजार निर्धारित की गई है। यहां चल रही सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में टीमों ने खूब रन बनाए हैं। उम्मीद है कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले मुकाबले में खूब रन बरसेंगे और प्रशंसक इसका पूरा लुत्फ उठाएंगे। इस अवसर पर यूपीसीए के कोषाध्यक्ष आनंद शुक्ला ने कहा कि इकाना स्टेडियम विश्वकप, आईपीएल समेत तमाम बड़े आयोजनों की सफल मेजबानी कर चुका है। पूर्व के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की भांति भारत और दक्षिण अफ्रीका के स्टार खिलाड़ियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक पहुंचेंगे। कार्यक्रम के दौरान यूपीसीए के निदेशक रियासत अली, सीईओ अंकित चटर्जी और मीडिया मैनेजर मो. फहीम मौजूद रहे।

# नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट: टूर्नामेंट जारी

## मोहाली और एएमयू के बीच सेमीफाइनल आज



नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में जामिया मिल्लिया इस्लामिया नई दिल्ली, गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर, गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी मुरादाबाद और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली की टीमों ने जीत दर्ज की। 1 दिसंबर को मोहाली और एएमयू के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा। एएमयू के विलिंग्डन पवेलियन मैदान पर खेले गए 20 ओवर के मैच में जामिया मिल्लिया इस्लामिया नई दिल्ली ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी हरियाणा को छह विकेट से हरा दिया। कुरुक्षेत्र की टीम 20 ओवर में 143 रन पर सिमट गई। जवाब में उतरी जामिया ने 17.5 ओवर में 145 रन बनाकर छह विकेट से मैच जीत लिया। एमएलसी प्रो. तारिक मंसूर ने कैफ को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। स्टेडियम में खेले गए मैच में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर ने चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी भिवानी को एकतरफा मुकाबले में 175 रन से हरा दिया। अमृतसर की टीम ने 20 ओवर में चार विकेट पर 237 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में भिवानी की टीम 10.4 ओवर में 62 रन पर सिमट गई। अमृतसर के दीपांशु ने 3.4 ओवर में पांच रन देकर पांच विकेट झटके। मार्क क्रिकेट एकेडमी के मैदान पर खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली ने एमडीयू रोहतक को चार विकेट से हरा दिया। रोहतक की टीम 30 ओवर में 142 रन पर सिमट गई। मोहाली के हर्षदीप सिंह ने चार व रितिक ने दो विकेट हासिल किए। जवाब में उतरी मोहाली ने 24.2 ओवर में 143 रन बनाकर छह विकेट से मैच जीत लिया। मैच जीतकर मोहाली की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो. तारिक मंसूर ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है।

# क्रावले और रूट के बीच 60+रनों की साझेदारी, ऑस्ट्रेलिया को अब तक दो सफलताएं

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच ब्रिसबेन के गाबा में दूसरा एशेज टेस्ट मैच खेला जा रहा है। दोनों टीमों के बीच ये दिन-रात्रि टेस्ट है। ऑस्ट्रेलिया की टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में फिलहाल 1-0 से आगे चल रही है।इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिसबेन के गाबा में पांच मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। यह दिन-रात्रि टेस्ट है। ऑस्ट्रेलिया को एक बार फिर तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने शानदार शुरुआत दिलाई। स्टार्क ने इंग्लैंड को शुरुआती झटके दिए। हालांकि, जैक



क्रावले और जो रूट ने इंग्लैंड की पारी को संभाला और दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी पूरी हुई जिससे इंग्लैंड का स्कोर 70 रन के पार पहुंच गया है।इंग्लैंड की ओर से जैक क्रावले और बेन डकेट पारी की शुरुआत करने उतरे,

# Azlan Shah Hockey Cup: बेल्जियम ने जीता अजलान शाह हॉकी का खिताब, फाइनल में भारत को 1-0 से हराया



**बेल्जियम ने रविवार** को रोमांचक फाइनल में भारत को करीबी मुकाबले में 1-0 से हराकर सुल्तान अजलान शाह कप हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। भारत को मैच के 34वें मिनट में थिब्यू स्टॉकब्रोक्स के गोल के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। बेल्जियम को शुरुआत में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारत ने इन्हें नाकाम कर दिया। भारत ने धीमी शुरुआत के बाद लय हासिल की लेकिन बेल्जियम ने उन्हें मिडफील्ड में बेहतर नियंत्रण बनाकर परेशान किया। मध्यांतर तक दोनों ही टीम गोल का खाता खोलने में नाकाम रहीं। बेल्जियम ने दूसरे हाफ में बेहतर लय में खेलकर भारत पर दबाव डाला। भारत ने भी कुछ अच्छे मूव बनाए लेकिन तीसरे क्वार्टर में भी बेल्जियम के डिफेंस को मात नहीं दे सके। इस बीच 34वें मिनट में स्टॉकब्रोक्स के गोल ने भारत को दबाव में डाल दिया। आखिरी क्वार्टर में भारत ने स्कोर बराबर करने की बहुत कोशिश की लेकिन बेल्जियम के डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे।

# लंदन चेस क्लासिक में चमके प्रज्ञानंद

## बने को-लीडर; विश्व रैंकिंग में भी बनाए रखा दबदबा



**भारतीय ग्रैंडमास्टर** आर प्रज्ञानंद ने लंदन चेस क्लासिक ओपन 2025 में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए टूर्नामेंट के को-लीडर बन गए हैं। उन्होंने छठे राउंड तक 5/6 अंक हासिल किए हैं और इस समय सर्बिया के ग्रैंडमास्टर वेलिमिर इविक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानंद ने दिन की शुरुआत हंगरी के ग्रैंडमास्टर टामस फोडोस जूनियर के खिलाफ सिर्फ 21 चालों में ड्रॉ खेलकर की, लेकिन दूसरे मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए इस्राइल के इंटरनेशनल मास्टर एटन रोजेन को हराया। उनका अगला मुकाबला अब वेलिमिर इविक से होगा, जो टूर्नामेंट का निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है।